हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 20 जुलाई 2024


तापमान

अधिकतम 38 .4 डिग्री
न्यूनतम 27 .4 डिग्री


13 विवि प्रशासन के साथ शोधार्थियों की मीटिंग बेनतीजा



14 भाजपा कार्यकर्ता चुनाव में कांग्रेस को धूल चटाएंगे : सतीश पूनिया




## खबर संक्षेप

### सोनीपत आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 22 को

**सोनीपत।** जिला सोनीपत के सहायक शिक्षुता सलाहकार तथा नोडल अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार राज्य के जिलों में प्रति माह अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोनीपत की प्रांगण में 22 जुलाई को अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लगभग 50 औद्योगिक इकाइयों तथा लगभग दो हजार के ज्यादा प्रार्थियों के भाग लेने की संभावना है। मेले का उद्घाटन भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली करेंगें।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग लापता, केस

**खरखौदा।** शहर से एक नाबालिग लड़का संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। वार्ड संख्या 7 निवासी राजकुमार ने बताया कि दोपहर को उसका पुत्र मनजीत 14 वर्ष घर से नई सब्जी मंडी की तरफ जाता हुआ देखा गया था। इसके बाद वह रात तक घर नहीं आया। उसकी सभी जगह तलाश की जा चुकी है, लेकिन उसके बारे में कोई सुराग नहीं लग पाया है। उन्हें शक है कि उसके पुत्र का किसी ने अपहरण किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर गहनता से जांच शुरू कर दी है।

### जैन मंदिर के पास से गाड़ी चोरी

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में स्थित जैन मंदिर के पास खड़ी गाड़ी के चोरी होने का मामला सामने आया है। गाड़ी चालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। शिव नगर मिशन चौक निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि उसने गत 14 जुलाई को देर शाम 9.15 बजे अपनी गाड़ी को जैन मंदिर के बाहर खड़ी करके घर चला गया। अगले दिन सुबह आकर देखा तो उसकी गाड़ी नहीं मिली।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। साथ ही उसे हथियार मुहैया करवाने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल उर्फ सागर निवासी नांगल कलां व हथियार मुहैया कराने का आरोपित गौतम निवासी जहांगीरपुरी दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### मंगल पांडे को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** मंगल पांडेय ने गाय और सूअर की चर्बी वाले कारतूस मुंह से खोलने से मना कर दिया था। शुक्रवार को यह खुलासा उनकी 97वीं जयंती पर गोहाना हलके के कांग्रेस विधायक जगबीर सिंह मलिक ने किया। मलिक शहर के सेक्टर 7 स्थित भगवान परशुराम आश्रम में आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य संबोधन कर रहे थे। अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। मुख्य वक्ता जगबीर सिंह मलिक ने कहा कि 1857 के पहले गदर में मंगल पांडेय की अहम भूमिका थी। उन्होंने अपनी ही बटालियन के खिलाफ बगावत कर दी थी। उन्होंने 29 मार्च 1857 को कोलकाता में दो ब्रिटिश अफसरों को गोली मार कर मौत की नींद में सुला दिया था। इस पर उन्हें 8 अप्रैल 1857 को फांसी दे दी गई। आजाद सिंह दांगी ने बताया कि मंगल पांडेय का जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के नगवा गांव में हुआ था। वह ईस्ट इंडिया कम्पनी की 34वीं बंगाल इन्फेंट्री के सिपाही थे।

# महाविद्यालयों में दाखिलों को फिजिकल काउंसिलिंग शुरू, अभी 50% सीटें खाली

## 24 तक 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ ले सकेंगे दाखिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



महाविद्यालयों में दाखिलों के इच्छुक विद्यार्थियों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। महाविद्यालयों में चल रही फिजिकल काउंसिलिंग में भारी संख्या में विद्यार्थी पहुंच रहे हैं। काउंसिलिंग में हिस्सा लेकर विद्यार्थी अपना दाखिला सुनिश्चित करना चाहिये। इसी वजह से शुक्रवार को भी सुबह से ही विद्यार्थियों का महाविद्यालयों में पहुंचना शुरू हो गया था। दोपहर तक विद्यार्थियों की आवाजाही लगी रही। विद्यार्थियों की भीड़ को देखते हुए महाविद्यालय प्रबंधन की उम्मीद जगी है कि जल्द ही रिक्त सीटों की संख्या कम हो जाएगी। विद्यार्थी 24 जुलाई तक 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ दाखिला ले सकते हैं, उसके बाद प्रतिदिन के हिसाब से 100 रुपये विलंब शुल्क वहन करना होगा।

महाविद्यालयों में दाखिले के लिए 3 जून से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसकी अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई थी। अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों की संख्या कम रहने पर उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने विद्यार्थियों को राहत देते हुए अंतिम तिथि पांच दिन बढ़ा दी थी। आवेदन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद 5 जुलाई को पहली व 12 जुलाई को दूसरी फाइनल वरीयता सूची जारी की गई थी। दोनों चरणों की दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बाद भी जिले के अधिकतर महाविद्यालयों में 50 फीसदी से भी कम सीटों पर ही दाखिले हुए हैं। ऐसे में उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने नए आवेदनों के लिए वीरवार से एक बार फिर से पोर्टल खोल दिया है। जिसके बाद से महाविद्यालय में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की आवाजाही बढ़ने लगी है।



**आईटीआई में जारी तीसरे चरण की प्रक्रिया:** आईटीआई में भी तीसरे चरण की दाखिला प्रक्रिया चल रही है। जिसमें शामिल विद्यार्थी 22 जुलाई तक अपने दस्तावेज सत्यापित करवा सकते हैं, वहीं दाखिला सुनिश्चित करने के लिए उन्हें 23 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय दिया गया है। आईटीआई प्रबंधन का कहना है कि विद्यार्थी निर्धारित तिथि से पहले फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करवाएं। 24 जुलाई से चौथे चरण की दाखिला प्रक्रिया शुरू की जाएगी

### अब तक कॉलेज में 300 से अधिक दाखिले

महाविद्यालय में फिजिकल कांउसिलिंग चल रही है। पोर्टल खुलने के बाद से नए विद्यार्थी भी दाखिला लेने के लिए पहुंचने लगे हैं। अब तक कॉलेज में 300 से अधिक दाखिले हो चुके हैं। इच्छुक विद्यार्थी 24 जुलाई तक 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ दाखिला ले सकते हैं, उसके बाद प्रतिदिन के हिसाब से 100 रुपये विलंब शुल्क वहन करना होगा।

डा. नरेंद्र खत्री, प्राचार्य, सीआरए कॉलेज

## महिला विवि : क्षेत्रीय केंद्रों में दाखिले के लिए खुला पोर्टल

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) ने शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में खरल (जींद) व कृष्ण नगर (रेवाड़ी) स्थित क्षेत्रीय केंद्रों में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया है। दोनों क्षेत्रीय केंद्रों में यूजी व पीजी की रिक्त सीटों पर आवेदन 21 जुलाई तक किया जा सकता है। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की मांग को देखते हुए रिक्त सीटों पर आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया है। महिला विवि द्वारा पहले से संचालित व नए शुरू किए गए सभी कोर्स वर्तमान समय की मांग के अनुरूप तथा रोजगारपरक हैं। सभी कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित किए जा रहे हैं। रेवाड़ी के कृष्ण नगर स्थित क्षेत्रीय केंद्र में यूजी पाठ्यक्रमों के तहत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं के लिए चार वर्षीय बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी, चार वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी तथा चार वर्षीय बीकॉम (ऑनर्स) कोर्स व पीजी पाठ्यक्रमों के अंतर्गत एमए (इंग्लिश) तथा एमए (पॉलिटिकल साइंस) कोर्स उपलब्ध हैं। जींद के खरल स्थित स्वामी रतन देव रीजनल सेंटर में नई शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित किए जा रहे चार वर्षीय बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी, चार वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी, चार वर्षीय बीकॉम (ऑनर्स) तथा चार वर्षीय बीए संस्कृत (ऑनर्स) व पीजी पाठ्यक्रमों में एमए (इंग्लिश) तथा एमए (पॉलिटिकल साइंस) उपलब्ध हैं। विस्तृत जानकारी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



# दुष्कर्म के दोषी को बीस साल की सजा व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राई थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सिंह की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 32 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने जुर्माना राशि से 25 हजार रुपये की राशि पीड़िता को देने के आदेश दिए है।

मूलरूप उत्तर प्रदेश के जिला उन्नाव क्षेत्र निवासी महिला ने 19 जुलाई, 2023 को राई थाना पुलिस को बताया था कि वह अपने पति व बच्चों संग राई क्षेत्र में रही थी। उनके पड़ोस में ही उनके गांव का सुभाष भी रहता था। वह रिश्ते में जेठ लगता है। उनकी देवरानी की मौत होने पर वह अपनी 13 साल की बेटी को जेठ सुभाष के पास देखभाल के लिए छोड़कर अपने गांव चली गई थी। जब वह 18 जुलाई, 2023 को वापस आए तो बेटी ने बताया था कि ताऊ ने उसके साथ गलत काम किया है।

साथ ही किसी को बताने पर मारने की धमकी दी है। महिला ने 19 जुलाई, 2023 को राई थाना में शिकायत दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुस लिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। अब मामले में एएसजे नरेंद्र ने सुनवाई के बाद आरोपित सुभाष को दोषी करार दिया है। उसे 4 और 6 पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म व धमकी के मामले 20 साल कैद व 32 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

## क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर 1. 48 लाख रुपये की ठगी

**गन्नौर।** क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट करने का झांसा देकर एक ठग ने शहर के एक युवक के साथ 1 लाख 48 हजार 100 रुपये की धोखाधड़ी कर दी। युवक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में बसंत विहार एक्सटेंशन के रहने वाले भारत कुकरेजा ने बताया कि आलोक नाम का व्यक्ति टेलीग्राम पर लोगों को पैसे का लालच देकर उनसे ठगी करता है। आरोप लगाया कि आलोक ने उसे क्रिप्टो करेंसी में इनवेस्ट करने की सलाह दी। आलोक की बातों में आकर उसने आंध्रप्रदेश के राजोनीपत स्थित आईसीआईसीआई बैंक की ब्रांच के एक खाते में दो बार में 1 लाख 48 हजार 100 रुपये डलवा दिए। इसके बाद आलोक ने फिर से रुपयों की मांग की तो उसे अपने साथ हुई ठगी का शक हुआ। भारत कुकरेजा ने बताया कि बैंक का खात सैन्नी सेट्टी नरसिंहमा राव के नाम से है। पुलिस ने भारत कुकरेजा की शिकायत पर आरोपित आलोक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## युवक के खाते से एक लाख से ज्यादा की नकदी साफ

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की पंचशील कॉलोनी के रहने वाले युवक के बैंक खाते से 1.03 लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित का मॉडल टाउन स्थित बैंक शाखा में खाता है। पीड़ित को जब मामले का पता लगा तो बैंक अधिकारी से बातचीत की। कोई समाधान नहीं होने पर मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पंचशील कॉलोनी निवासी संदीप ने बताया कि उनका मॉडल टाउन स्थित बैंक में 14 साल से खाता है। उनका बैंक खता किसी ने 8 मई को हैक कर लिया गया। उनके पास न बैंक से कोई कॉल आई और न मैसेज मिला। न ही कोई लिंक भेजा गया। उसके बावजूद उनके खाते से 1.03 लाख रुपये कट गए। चार बार में खाते से ट्रांजेक्शन कर राशि निकाली गई है। जब उन्हें पता लगा तो बैंक अधिकारी से बातचीत की। उसके बावजूद कोई सहायता नहीं मिल सकी। बिना पिन नंबर या ओटीपी के खाते से रुपये निकल गए थे। उन्होंने बैंक अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध बताया। उनका कहना है कि उनके खाते से पहले भी पांच हजार रुपये उनकी गलती से किसी अन्य खाते में चले गए थे। तब भी बैंक ने कोई मदद नहीं की थी। हालांकि तब उनकी गलती थी तो कोई शिकायत नहीं दी थी।

■ पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

## प्लाट बेचने के नाम पर 55.89 लाख की धोखाधड़ी

**गन्नौर।** पीजीटी शिक्षक को प्लाट देने के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपये का गबन करने का मामला सामने आया है। शिक्षक ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में सोनीपत के गांव बोहला निवासी मनीष कुमार ने बताया कि वह शहर के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गन्नौर में बतौर इंग्लिश शिक्षक के पद पर कार्यरत है। मनीष कुमार ने बताया कि वर्ष गन्नौर निवासी मोहित कुमार व उसकी पत्नी निशि शर्मा ने एक प्राईवेट बिल्डवेल प्रोजेक्ट में एक प्लाट दिखाया। जिसकी कीमत 14 लाख 39 हजार 840 रुपये तय हुई। उसने मोहित शर्मा व निशि शर्मा के कहने पर कंपनी के खाते में व प्लाट की मालिक खेड़ी सांपला जिला रोहतक की प्रिया वशिष्ठ के खाते में भेज दी। बाद में उसे वह प्लाट न देकर उसे प्रिया वशिष्ठ के दूसरे प्लाट दिखाए। 86.62 वर्ग गज के दो प्लाट दिखाए। जिनका रेट 24 लाख 68 हजार 150 रुपये तय हुए। आरोपितों के कहने पर उसने बाकाया राशि प्रिया वशिष्ठ व 3 लाख 21 हजार 690 रुपये की अतिरिक्त बिल्डवेल के खाते में भेज दी। जिस पर बिल्डवेल के निदेशक ने उसे रजिस्ट्री के समय एडजस्ट करने की बात कही। आरोप है कि आरोपितों ने उसे यहां भी प्लाट न देकर दूसरी जगह कंपनी में ही प्लाट देने के नाम पर रुपये ट्रांसफर करवा लिए, लेकिन उसकी रजिस्ट्री नहीं करवाई। इस बीच मोहित शर्मा की मृत्यू हो गई। मनीष कुमार ने बताया कि आरोपितों ने उसके साथ 55 लाख 89 हजार 840 रुपये का गबन किया है।

# राई ब्लॉक समिति चेयरपर्सन के खिलाफ 18 सदस्यों ने शपथ पत्र देकर अविश्वास जताया

■ उपायुक्त से मिले समिति सदस्य चेयरपर्सन पर जड़े आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राई ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन के खिलाफ सदस्यों ने कई आरोप लगाते हुए शपथ पत्र देकर अविश्वास जताया है। शुक्रवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर के दौरान समिति के 18 सदस्य पहुंचे थे, जिन्होंने चेयरपर्सन पर विकास कार्यों को लेकर सतर्क नहीं रहने व सदस्यों के साथ बैठक नहीं करने जैसे आरोप लगाते हुए अलग-अलग शपथ पत्र दिया। समिति के इन सदस्यों ने चेयरपर्सन सीमा सबौली को पद से हटाने की मांग की गई है।

उपायुक्त ने शपथ पत्रों की जांच व आगामी कार्रवाई के लिए डीडीपीओ जितेंद्र कुमार को जांच के निर्देश दिए हैं।

इतना ही नहीं, सदस्यों ने शपथ पत्रों में चेयरपर्सन पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए हैं। समिति सदस्यों का आरोप है कि ई रिक्शा व ओपन जिम खरीद में लाखों रुपये का घोटाला किया गया है। उन्होंने चेयरपर्सन के डेढ़ साल के कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों की विजिलेंस से जांच करवाने की मांग की है।



**सोनीपत।** समाधान शिविर में पहुंचे ब्लाक समिति सदस्य।

### फरवरी 2023 में हुए थे चुनाव

राई बीडीपीओ कार्यालय में 20 फरवरी 2023 को तत्कालीन एसडीएम राकेश संधू शाम ने चेयरमैन व वाइस चेयरमैन पद के लिए चुनाव करवाया था। चुनाव के दौरान समिति के सभी 26 सदस्य मतदान में शामिल हुए थे। चेयरपर्सन के लिए सीमा सबोली व प्रियंका के बीच मतदान हुआ। जिसमें सीमा सबोली को 15 व सेरसा निवासी प्रियंका को 11 वोट मिली थी। वहीं वाइस चेयरमैन के लिए परमजीत जठेड़ी व बिजेंद्र दहिया के बीच चुनाव हुआ था। जिसमें परमजीत जठेड़ी को 15 व बिजेंद्र दहिया को 11 वोट मिली थी।

## प्रमोशन के बाद डॉक्टर का तबादला, तीन दिन जुआं सीएचसी पर संभालेंगे कार्य

# अब नागरिक अस्पताल में तीन दिन लगेगी चर्म रोग की ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में स्वास्थ्य सेवाएं दे रही चिकित्सकों को पदोन्नति मिली है। जिसके बाद से अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात चिकित्सकों ने अपने पद भारों को संभाल लिया है। नागरिक अस्पताल में चरम रोग विशेषज्ञ डा. राजेश को जुआं सीएचसी का एसएमओ बनाया गया है। जिसके बाद से नागरिक अस्पताल में चर्म रोग ओपीडी में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से मरीजों की समस्याओं को देखते हुए डा. राजेश की तीन दिन ड्यूटी अस्पताल में लगाई है। बाकी अन्य दिनों में जुआं का पदभार संभालेगें। वहीं जिले में अन्य तीन चिकित्सकों को पदोन्नति मिली है। पीएचसी में तैनात डा. प्यारे लाल को पानीपत सामुदायिक केंद्र का पदभार सौंपा गया है।

■ अस्पताल में प्रतिदिन 250 से 300 की ओपीडी

बता दें कि प्रदेश सरकार की तरफ से चिकित्सकों को प्रमोशन किया गया है। विभाग की तरफ से आई पदोन्नति लिस्ट जारी की गई है। जिसमें 80 चिकित्सकों को पदोन्नत किया गया है। जिले में तैनात अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात चिकित्सकों का पदोन्नति मिली है। नागरिक अस्पताल में तैनात चर्म रोग विशेषज्ञ डा. राजेश को जुआं का प्रभार दिया गया है। उनके जुआं सीएचसी पर पदभार संभालते ही नागरिक अस्पताल में मरीजों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ गया है। अस्पताल में हर रोज 250 से 300 के करीब हर रोज की ओपीडी संख्या है। चर्म रोग विशेषज्ञ के अस्पताल में न होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डा. राजेश को सप्ताह में तीन दिन नागरिक अस्पताल तो अन्य दिनों जुआं सीएचसी का कार्य संभालने के आदेश मिले है। डा. राजेश मंगलवार, बृहस्पतिवार व शनिवार को नागरिक अस्पताल सोनीपत में अपनी सेवाएं देगें। वहीं भटाना पीएचसी से चिकित्सक डा. किरण मुंडलाना की एसएमओ, डा आशा सहरावत खरखौदा सीएचसी की एसएमओ के तौर पर तैनात किया गया है। साथ ही डा. प्यारे लाल पदोन्नति के बाद सीएचसी अहर पानीपत में भेजे गए है।



**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में बंद पड़ी चर्म रोग की ओपीडी।

### मरीजों की हर संभव सहायता करेंगे

विभाग की तरफ से प्रमोशन लिस्ट आई है। अस्पताल में तैनात डा. राजेश प्रमोशन के बाद जुआं सीएचसी का प्रभार मिला है। अस्पताल में चर्म रोग से प्रताड़ित मरीजों के लिए डा. राजेश सप्ताह में तीन दिन तक अपनी सेवाएं देंगे। मरीजों के लिए हर संभव स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रयासरत है। समय-समय पर जरूरी कदम उठाने का काम किया जाता है।

डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी नागरिक अस्पताल

## जिले को नशामुक्त बनाने का लिया संकल्प

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ सक्रिय रूप से प्रयास करें ताकि हमारे युवाओं को नशे से बचाया जा सके। क्योंकि नशा केवल बर्बादी का रास्ता है, जिसमें फंसकर युवा खुद के साथ परिवार को भी बर्बादी के मार्ग पर ले जाते हैं। हमें अपने युवाओं को नशे से शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में एनकोर्ड (नेशनल कोर्डिनेशन सेंटर) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में नशे की कमर तोडने के लिए पुलिस विभाग का सबसे अहम रोल होता है।






चीता दुनिया का सबसे तेज़ ज़मीनी जानवर है, जो 112 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से दौड़ सकता है।



दुनिया में पक्षियों की 9,500 से ज़्यादा प्रजातियां हैं। दुनिया का एकमात्र पंखहीन पक्षी कीवी है।



# हिंदी भाषा पसंद है तो इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में हिन्दी सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। यह भारत की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है और राज्य भाषा का अधिकार रखती है। संसदीय कार्य से लेकर न्यायिक और सरकारी संस्थानों में इसे ऑफिशियल कम्युनिकेशन की तरह उपयोग किया जाता है। हिंदी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसमें लगभग 425 मिलियन लोग इसे अपनी पहली भाषा के रूप में पहचानते हैं और अतिरिक्त 120 मिलियन लोग हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी के क्षेत्र में कई बेहतरीन करियर ऑप्शन मौजूद हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

## ये करियर ऑप्शन

### राजभाषा ऑफिसर

ये राष्ट्रीयकृत बैंकिंग संस्थानों में राजभाषा ऑफिसर के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। इनकी प्राथमिक भूमिका ग्राहकों की मदद करने के अलावा रोज के कामों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद भी करते हैं।

### जर्नलिज्म

अगर आप ने हिंदी भाषा में जर्नलिज्म का कोर्स किया है तो आप पत्रकारिता के क्षेत्र में एंकर, न्यूज एडिटर, न्यूज राइटर और रिपोर्टर आदि जैसे कई जॉब प्रोफाइल पर रहकर अच्छी सैलरी हासिल कर सकते हैं। यहां पर आपको न्यूजपेपर, रेडियो चैनलों, समाचार चैनलों, पत्रिकाओं और डिजिटल समाचार मीडिया जैसे कई करियर ऑप्शन मिल जाएंगे।

### कंटेंट राइटर/एडिटर

आज के समय में कंटेंट राइटर या एडिटर की जॉब को बेहतर विकल्प माना जाता है। इनका काम ब्लॉग लिखना, मार्केटिंग कॉपी, सोशल मीडिया कॉपी आदि लिखना व उसको एडिट करना होता है। हिंदी या मास कम्युनिकेशन में डिग्री होल्डर्स आसानी से हिंदी कंटेंट राइटर/एडिटर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। कंटेंट राइटर और एडिटर्स पब्लिकेशन हाउस और मीडिया हाउस व एड एजेंसी में काम कर सकते हैं।

## यहां मिलेगा मौका

### ट्रांसलेटर

आज जिस तरह से पूरा विश्व का एकीकरण हो रहा है उसमें हिंदी ट्रांसलेटर के लिए करियर के नए रास्ते खुल गए हैं। इस फील्ड में अब काम की कोई कमी नहीं है। हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर आप घर पर बैठकर भी काम कर सकते हैं। हालांकि एक बेहतरीन ट्रांसलेटर बनने के लिए आपकी हिंदी के साथ दूसरी भाषा पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए। कई बड़ी कंपनियां भी अपने कंटेंट को हिंदी में मुहैया कराने के लिए ट्रांसलेटर को नियुक्त करती हैं।

### इंटरप्रिटेशन

इंटरप्रेटर का काम भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। हालांकि इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर यह काम करते है। एक इंटरप्रेटर उन शब्दों को ट्रांसलेट करता है, जो दूसरा व्यक्ति अलग भाषा में कहता है। आप इंटरप्रेटर के तौर पर राजनयिक मिशनों, संयुक्त राष्ट्र और विदेशी छात्रों के साथ काम कर सकते हैं।

### वॉयस ओवर आर्टिस्ट

एंटरटेनमेंट की दुनिया आज बहुत व्यापक हो गई है। हर माह कई विदेशी फिल्में व कार्टून भारत में लांच हो रही हैं। यदि आप में बोलने का स्किल और अच्छी आवाज है, तो आप वॉयस-ओवर को करियर ऑप्शन के रूप में अपना सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकारों की फिल्मों के अलावा रेडियो स्टेशनों, पॉडकास्ट, विज्ञापनों की डबिंग में काफी डिमांड रहती है।

### हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी स्टेनोग्राफर

हिंदी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की डिमांड कई दशकों से बनी हुई है। खास तौर पर सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली जॉब में। हिंदी टाइपिंग और स्टेनोग्राफर का कोर्स कर आप अच्छी सैलरी के साथ सरकारी जॉब पा सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी आप अच्छी तनख्वाह पर नौकरी पा सकते हैं।

## स्पीच राइटर

अगर आप में लिखने की क्षमता है तो आप स्पीच राइटर बन सकते हैं। स्पीच लोगों को प्रभावित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। सम्मोहक स्पीच लिखने के लिए लैंग्वेज पर कंट्रोल की जरूरत होती है। अगर आपमें ये काबिलियत है तो आप किसी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़कर स्पीच राइटर बन सकते हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र, विज्ञापन एजेंसियों, कॉर्पोरेट में काम भी इनके लिए दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

### नॉवलिस्ट/राइटर/ पोएट

अगर आप को नए तरीके से क्रिएटिव स्टोरी लिखना आता है तो आप हिंदी भाषा में नॉलेज हासिल करने के बाद पोएट/नॉवलिस्ट/राइटर बन सकते हैं। आज के समय में ऑडियोबुक, किंडल सपोर्टिड ई-बुक्स के राइज ने इस फील्ड में लोगों के करियर को एक नया आयाम दिया है।

### हिंदी टीचर

हिंदी टीचर की जॉब सदाबहार ऑप्शन है। टीचर बनना सभी को पसंद होता है। अरग आपकी हिंदी में अच्छी पकड़ है तो आप किसी भी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान में हिंदी टीचर के तौर पर जॉब कर सकते हैं।

### राइटिंग

हिन्दी में अच्छी पकड़ रखने वाले लोगों का फिल्म जगत और टेलीविजन के क्षेत्र में खासी डिमांड होती है। आज के समय में ओटीटी प्लेटफार्म के आने से इस क्षेत्र के करियर स्कोप बढ़ गया है। अगर आप हिन्दी में अच्छे हैं तो आप प्रॉडक्शन हाउस, मीडिया हाउस में स्क्रिप्ट राइटिंग, डायलॉग्स या लिरिक्स भी लिख सकते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन राइटर बनना चाहते हैं तो आपको बीए हिन्दी करने के बाद स्क्रीन राइटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी ताकि आपके भीतर लेखन की अच्छी समझ विकसित हो सके।

### अध्यापक

हिंदी को पूरा करने के बाद क्लासिक और लोकप्रिय करियर विकल्पों में से एक अध्यापक बनकर आने वाली पीढ़ियों को भाषा का ज्ञान और क्षमता प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ भारत से बाहर के छात्रों को हिंदी सिखाने के अवसर भी हैं।

---

बहुत कम निवेश में अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं युवा

# पारम्परिक खेती से अलग, अर्बन फार्मिंग में करियर को दें उड़ान

लीक से हटकर इस क्षेत्र में करियर बनाने का बेहतर मौका

जॉब ट्रेंड्स

डॉ. मोहित बंसल, करियर कोच



घटती कृषि भूमि और पारम्परिक खेती में नुकसान के कारण किसानों को जहां आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं, फसलों का उत्पादन भी कम हो रहा है। किसान लगातार कृषि व्यवसाय से विमुख होता जा रहा है। ऐसे में युवाओं के लिए अर्बन फार्मिंग (शहरी कृषि) एक नए और कम प्रतिस्पर्धा वाले करियर विकल्प के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। सामान्य करियर से अलग आज एक अर्बन फार्मर बहुत कम समय और बहुत कम निवेश में अच्छी आय के साथ अपने करियर को चमका सकता है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे की अर्बन फार्मिंग क्या है, इसे कैसे किया जा सकता है और यह युवाओं के करियर को कैसे उड़ान दे सकती है यानी इसके जरिये कम खर्च में कितना मुनाफा कमाया जा सकता है।

## क्या है अर्बन फार्मिंग

एक अर्बन फार्मर वह व्यक्ति होता है जो शहरी या उपनगरीय वातावरण में फसलों, सब्जियों, जड़ी-बूटियों की खेती करता है और पशुओं को पालता है। पारंपरिक खेती के विपरीत, जो अक्सर विशाल खेतों वाले ग्रामीण क्षेत्रों में होती है, अर्बन फार्मिंग छोटे, अधिक सीमित स्थानों जैसे छतों, बालकनियों, खाली स्थानों या सामुदायिक उद्यानों में हो सकती है।



अर्बन फार्मर सीमित स्थान और संसाधनों में अपनी उपज को अधिकतम करने के लिए ऊर्ध्वाधर खेती, हाइड्रोपोनिक्स या एक्वापोनिक्स जैसी नवीन तकनीक अपनाकर खेती करता है। अर्बन फार्मर स्थानीय खाद्य उत्पादन को बढ़ावा देने, शहरों में खाद्य सुरक्षा बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## शहरी क्षेत्र में फसलों, सब्जियों, जड़ी-बूटियों की खेती है अर्बन फार्मिंग



## वेतन और आय

अर्बन फार्मर की आय या वेतन विभिन्न कारणों पर निर्भर कर सकती है, जैसे कि उनके कृषि प्रयासों का मात्रा, शहरी क्षेत्र की स्थिति, और उपयुक्तता। अर्बन फार्मिंग एक व्यापारिक विचार के रूप में देखी जा सकती है, जिसमें फसलों के उत्पादन और विपणन से आय प्राप्त की जाती है। इसके अलावा, अर्बन फार्मिंग परियोजनाओं के लिए सरकारी समर्थन भी हो सकता है, जिससे आय के स्रोत में सुधार हो सकता है।

## अर्बन फार्मिंग के फायदे

**भूमि का अकाल :** शहरों में भूमि की कमी होती है, इसलिए अर्बन फार्मिंग छतों, बालकनियों, और अन्य छोटे खुले स्थानों में की जा सकती है, जिससे खेती के लिए अधिक स्थान मिलता है।

**स्वास्थ्यप्रद खाद्य पदार्थः** शहरी क्षेत्रों में उत्पादित फल, सब्जियां और अन्य खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए अधिक अच्छे माने जाते हैं, क्योंकि वे अक्सर स्थानिक और निर्मल वातावरण में पैदा होते हैं।

**पर्यावरण सुरक्षा :** अर्बन फार्मिंग सुस्त और पर्यावरणीय रूप से बेहतर समझी जाती है। इससे शहरों में पर्यावरण को भी लाभ होता है।

**तकनीकी :** इसमें वर्टिकल, हाइड्रोपोनिक्स, और एक्वापोनिक्स तकनीक को प्रयोग होता है।

**सिमित संसाधन :** यह खेती सीमित स्थान और संसाधनों के साथ संभव होने के कारण, इसमें संसाधनों का समुचित प्रबंधन और उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है।

## कौशल और अनुभव

अर्बन फार्मिंग के क्षेत्र में काम करने के लिए कौशल और अनुभव होना जरूरी है। जो विभिन्न तकनीकों को अनुसरण करने और समस्याओं का समाधान करने में मदद करता है। इसके लिए अपने शहरी क्षेत्र में स्थानिक समुदाय बागवानी या कृषि परियोजनाओं में शामिल हों। इससे आप अर्बन फार्मिंग के अलग-अलग पहलुओं को सीख सकते हैं और अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

**शुरुआती खेती :** किसी भी छोटे स्थान जैसे छत, बालकनी या समुदाय बागवानी पर खेती की योजना बनाएं। यह योजना कौन सी फसलें उगाने के लिए उपयुक्त होगी, संसाधनों की आवश्यकता क्या होगी आदि के बारे में जानकारी लें। खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न तकनीकों का प्रयोग करें। इसमें जलवायु नियंत्रण, खाद्य सुरक्षा की देखभाल और उपयुक्त प्रबंधन शामिल हो सकते हैं। अर्बन फार्मिंग प्रोजेक्ट के लिए सामुदायिक सहयोग और व्यापारिक योजना बनाएं। इसके माध्यम से, आप एक अर्बन फार्मर बनने के लिए आवश्यक योग्यता, ज्ञान और अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

## शिक्षा और प्रशिक्षण

इसे प्रोफेशनली अपनाने के लिए आपको 12वीं कक्षा विज्ञान विषय के साथ पास करनी होगी। इसके बाद स्नातक कृषि के कोर्सेज जैसे बीएससी एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, फॉरेस्ट्री, या एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग से करनी होगी। पढ़ाई के साथ-साथ वर्टिकल फार्मिंग, हाइड्रोपोनिक्स, एक्वापोनिक्स जैसी विभिन्न तकनीकों को अच्छे समझें और हुनरमंद बनें। इस व्यवसाय में आपको सीमित संसाधनों (पानी, ऊर्जा, और कीमती स्थान) के उपयोग की क्षमता और स्थानिक भूमि, जल और मौसम की जानकारी लेनी होगी।

**यहां से मिलेगा प्रशिक्षण :** अर्बन फार्मिंग की शिक्षा के लिए कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (एमएएनएजीई), केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान (सीआईएई), केंद्रीय बागवानी संस्थान (सीआईएच), केंद्रीय पश्चात्र अनुसंधान और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीएचईटी), और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआआई) जैसे कुछ विख्यात सरकारी संस्थान हैं जो अर्बन फार्मिंग और कृषि से संबंधित पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। विभिन्न सरकारी संस्थानों की शुल्क संरचना अलग-अलग है। यह विभागों और पाठ्यक्रमों के आधार पर भी भिन्न हो सकती है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित संस्स्थानों की आधिकारिक वेबसाइट को विजिट करें या सीधे संपर्क करें। आम तौर पर ऐसे कोर्सेज तीन से चार साल में होते हैं। कई ऑनलाइन प्लेटफार्म्स भी है जो अर्बन फार्मिंग से संबंधित पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। ये कोर्स ऑनलाइन वीडियो, पीपीटी, और अन्य साधनों का उपयोग करके आपको अर्बन फार्मिंग की विभिन्न तकनीकों की शिक्षा देते हैं।

## निजी उद्योग में करियर

- निजी उद्योग में अर्बन फार्मिंग में करियर के अनेक और विविध अवसर हैं जो आपको निजी उद्योग में मिल सकते हैं। यहां कुछ मुख्य करियर विकल्प हैं जो अर्बन फार्मिंग के क्षेत्र में आपका करियर बना सकते हैं।
- **उत्पादों का वितरण और विपणनः** आप अर्बन फार्मिंग के उत्पादों के वितरण और विपणन में करियर बना सकते हैं, जिसमें उत्पादों को बाजार में ला कर उनका विपणन करना शामिल होता है।
- **प्रौद्योगिकी विकास :** अर्बन फार्मिंग प्रौद्योगिकी के विकास और अनुसंधान में करियर के अवसर हो सकते हैं, जिसमें नई तकनीकों का अनुसंधान और उनका विकास शामिल होता है।
- **उत्पादकता बढ़ाना :** शहरी क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने और उत्पादन संभालने में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं, जैसे कि वर्टिकल फार्मिंग, हाइड्रोपोनिक्स, और एक्वापोनिक्स की मदद से।
- **अर्बन फार्मिंग कंसल्टेंसी :** अर्बन फार्मिंग कंसल्टेंसी सेवाएं प्रदान करके उत्पादकों और समुदायों को अर्बन फार्मिंग पर सलाह देने में करियर बना सकते हैं।
- **अर्बन फार्मिंग स्टार्टअप :** अर्बन फार्मिंग से संबंधित अपनी खुद की स्टार्टअप कंपनी शुरू कर सकते हैं, जिसमें नए उत्पादकता मॉडल्स, तकनीकी उपकरणों और उत्पादों का विकास और विपणन शामिल है।
- **अर्बन फार्मर** को नौकरी प्रदान करने वाली निजी कंपनियों में कुछ क्षेत्रिय और विशेषाधिकारी कंपनियां भी शामिल हैं।

## सरकारी क्षेत्र में करियर

- **कृषि विभाग :** राज्य और केंद्र सरकार के कृषि विभाग में अर्बन फार्मिंग से संबंधित पदों पर नौकरियां निकलती हैं। इसमें अर्बन फार्मिंग परियोजनाओं के लिए तकनीकी सलाहकार, विशेषज्ञ, उत्पादन प्रबंधक के पद शामिल हैं।
- **वन विभागः** शहरी क्षेत्रों में वन विभाग में शहरी वनीकरण और वृक्षारोपण से संबंधित पदों पर नौकरियां मिलती हैं।
- **स्थानीय निकाय :** नगर निगम और नगर पालिकाओं में अर्बन फार्मिंग परियोजनाओं के लिए पदों पर नौकरियां मिल सकती हैं। जैसे अर्बन फार्मिंग कंसल्टेंट, परियोजना प्रबंधक, आदि।
- **संगठन और संस्थान :** विभिन्न सरकारी और असर्कारी संगठन और संस्थान जैसे कि कृषि उत्पाद प्रसंस्करण संस्थान, शहरी विकास निगम में भी नौकरियां हो सकती हैं।
- इन सरकारी संगठनों में अर्बन फार्मिंग से संबंधित विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग पात्रता मानदंड और चयन प्रक्रिया होती है। आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी लें।

---

# योजनाओं में देरी से भी मिल सकती है दक्षता और समय प्रबंधन की शिक्षाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में देरी का होना एक सामान्य और अवश्यंभावी घटना है। हम सभी ने कभी न कभी अपनी योजनाओं में देरी का सामना किया है, चाहे वह परीक्षा की तैयारी हो, किसी प्रोजेक्ट की समय सीमा हो, या फिर रोजमर्रा के छोटे-मोटे काम हों। देरी को अक्सर नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता है, लेकिन अगर हम इसके पीछे छिपे सबक और लाभ को समझें, तो यह हमें दक्षता और समय प्रबंधन की महत्वपूर्ण शिक्षाए दे सकती है। हम सभी ने कभी न कभी टोस्ट बनाने का अनुभव किया होगा। टोस्ट को सही समय पर तवे से उतारना आवश्यक होता है, वरना वह जल जाता है और खाने योग्य नहीं रहता। इसी तरह, हमारे जीवन में भी समय का सही प्रबंधन आवश्यक होता है।

## समय का बेहतर उपयोग करें

जलती हुई टोस्ट की थ्योरी यह बताती है कि समय का सही उपयोग न करने पर हमारे कार्य और योजनाएँ असफल हो सकती हैं। लेकिन इसके विपरीत, जब हम देरी का सामना करते हैं और उससे सीखते हैं, तो हम अपनी गलतियों से सबक लेकर अपने भविष्य के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं।

**देरी का सामना और उससे मिलने वाले सबकः** जब भी हम किसी देरी का सामना करते हैं, तो यह हमारे लिए एक मौका होता है कि हम अपने समय प्रबंधन के तरीकों को सुधार सकें। उदाहरण के लिए, यदि किसी विद्यार्थी को परीक्षा की तैयारी में देरी होती है, तो यह उसे सिखा सकता है कि अगले बार वह अपनी पढ़ाई की योजना पहले से ही बना ले और समय का बेहतर उपयोग करे। देरी हमें सिखाती है कि कैसे प्राथमिकताएँ निर्धारित करें और अनावश्यक गतिविधियों को हटाकर मुख्य कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। विद्यार्थी देरी को एक नए प्रयास के रूप में देख सकते हैं, जिससे वे अधिक परिपूर्णता की ओर बढ़ सकते हैं। जब किसी कारणवश परीक्षा की तैयारी में देरी होती है या किसी प्रोजेक्ट की समय सीमा चूक जाती है, तो इसे असफलता के रूप में देखने की बजाय एक अवसर के रूप में लेना चाहिए। यह देरी उन्हें अपने कमजोरियों को पहचानने और अपने कौशल को और अधिक निखारने का मौका देती है। हर बार जब हम अपने कार्यों में सुधार करने का प्रयास करते हैं, तो हम न केवल अपनी गलतियों से सीखते हैं, बल्कि अपने प्रदर्शन में भी उत्तमता प्राप्त करते हैं। इस प्रकार, देरी को एक रि-अटेम्प्ट के रूप में देखते हुए, विद्यार्थी अधिक बेहतर योजना बना सकते हैं, अपनी तैयारी को और मजबूती से कर सकते हैं, और अंततः सफलता की ओर बढ़ सकते हैं।

विद्यार्थियों के लिए देरी को एक नए प्रयास के रूप में लेने के कुछ महत्वपूर्ण बिंदु निम्नलिखितः

**समय प्रबंधनः** देरी हमें समय की महत्ता सिखाती है। जब हम देरी का सामना करते हैं, तो हमें अपने समय का पुनर्मूल्यांकन करना पड़ता है और यह जानना पड़ता है कि कहाँ-कहाँ हमने समय का अपव्यय किया।

**सही प्राथमिकताएंः** देरी के कारण हमें अपने कार्यों की प्राथमिकताओं को फिर से निर्धारित करना पड़ता है। यह हमें सिखाता है कि कौन-से कार्य अधिक महत्वपूर्ण हैं और किन्हें पहले पूरा करना चाहिए।

## सही समय का इंतजार करें

**धैर्य और संयमः** देरी हमें धैर्य रखना सिखाती है। जब हम किसी काम में देरी का सामना करते हैं, तो यह हमें शांत रहने और सही समय का इंतजार करने का सबक देती है।

**समस्या समाधान कौशलः** जब हम देरी का सामना करते हैं, तो हमें विभिन्न समस्याओं का समाधान खोजना पड़ता है। यह हमारे समस्या समाधान कौशल को बढ़ाता है और हमें अधिक सृजनात्मक बनाता है।

**आत्मविश्लेषणः** देरी हमें अपने आप का विश्लेषण करने का मौका देती है। यह हमें हमारे कमजोरियों और ताकतों का पता लगाने में मदद करती है, जिससे हम अपने आप को बेहतर बना सकते हैं। जीवन में देरी का होना एक अवश्यंभावी घटना है, जिसे हमें नकारात्मक दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। इसके बजाय, हमें इसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए, जो हमें दक्षता और समय प्रबंधन की महत्वपूर्ण शिक्षाएँ देती है। जलती हुई टोस्ट की थ्योरी के माध्यम से हम समझ सकते हैं कि समय का सही उपयोग कितना महत्वपूर्ण है और देरी हमें किस प्रकार से सुधारने का अवसर प्रदान करती है। इसलिए, हर देरी को एक सबक मानें और उससे सीखें, ताकि आप अपने जीवन को और अधिक कुशल और प्रभावी बना सकें।

**देरीः विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा :** जीवन में देरी केवल एक बाधा नहीं है, बल्कि यह हमारे विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब हम किसी कार्य में देरी का सामना करते हैं, तो हमें उसे एक अनुभव के रूप में स्वीकार करना चाहिए। यह अनुभव हमें सिखाता है कि कैसे हम अपनी योजनाओं को बेहतर बना सकते हैं और समय का अधिक कुशलता से उपयोग कर सकते हैं। हर देरी एक नया सबक लाती है। यह हमें हमारे कमजोरियों को पहचानने का मौका देती है और हमें सिखाती है कि हमें किस प्रकार से अगले बार बेहतर तैयारी करनी चाहिए। इस प्रकार, देरी को एक अवसर के रूप में देखना न केवल हमें निराश नहीं होने देता, बल्कि हमें आगे बढ़ने और अपने भविष्य को और बेहतर बनाने में मदद करता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - यू. एस. ए.
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### स्मृति सांगवान रही विवि की एनसीसी टॉपर

सोनीपत। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के एनसीसी के 12 कैडेट अब आर्मी, नेवी व वायु सेना के लिए सीधा साक्षात्कार दे सकेगें। विश्वविद्यालय 12 विद्यार्थियों ने एनसीसी के सी-सर्टिफिकेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। स्मृति सांगवान 399 अंकों के साथ विश्वविद्यालय की एनसीसी की टॉपर रही।

### शैलेंद्र के प्रयास से बच्चे पहुंचे विद्यालय

**सोनीपत**। स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन से जुड़े शैलेंद्र के प्रयासों से बच्चें स्कूल पहुंच रहे हैं। पांच सालों से फाउंडेशन से जुड़े शैलेंद्र ने कुछ महीनों पहले सेक्टर 27 सोनीपत स्थित झुग्गी बस्ती में रहने वाले कुछ बच्चों को इन्होंने घूमते-फिरते देखा। बातचीत करने से पता चला बच्चे पढ़ना चाहते हैं पर सुविधाओं के आभाव में नहीं जा पा रहे हैं। शैलेंद्र ने ठाना कि वे अकेले ही जा कर पढ़ाना शुरू करेंगे। शैलेंद्र ने बच्चों को पढ़ाना शुरू किया।

### 'सोनीपत को थी जरूरत बहादुरगढ़ ले गए मेट्रो,

**सोनीपत**। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने दीपेंद्र हुड्डा के सोनीपत में मेट्रो लाने के दावे को हास्यास्पद बताते हुए सवाल किया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस सरकार में मेट्रो सोनीपत की बजाये बहादुरगढ़ क्यों लेकर गए जबकि आवश्यकता सोनीपत को पहले थी। कविता जैन शुक्रवार को प्रवास कार्यक्रम में वार्ड न० 2 में कबीर भवन तथा वार्ड न० 7 में फाजिलपुर, रायपुर में कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

### समाधान शिविर में 128 शिकायतें मिली

**सोनीपत**। प्रदेश सरकार के निर्देशों पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में शुक्रवार को लगाए गए शिविर में कुल 128 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 5 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया, वहीं बाकि की शिकायतों को लंबित की श्रेणी में रखा गया। शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में लोगों की शिकायतों को सुना गया।

### एचएसवीपी कर्मचारी यूनि के पदाधिकारियों की बैठक

**सोनीपत**। एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन (सम्बन्धित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) की जिला कार्यकारिणी की मिटिग जिला प्रधान राकेश त्यागी की अध्यक्षता में एचएसवीपी कार्यालय सैक्टर 15 सोनीपत में आयोजित की गई। मिटिग का संचालन जिला सचिव मुकेश शर्मा ने किया। मिटिग को संबोधित करते राज्य महासचिव बिजेंद्र चहल ने कहा कि 2023 में मुख्य प्रशासक व इसी वर्ष फरवरी में प्रशासक मुख्यालय से कर्मियों की मांगों को लेकर यूनियन के शिष्टमंडल की बातचीत हुई थी।

### बिजली संकट से त्रस्त पहुंचे समाधान शिविर

**खरखौदा**। बिजली की समस्या से जूझ रहे कंवाली व झरोठी निवासी खरखौदा में एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे। उनका कहना था कि बिजली निगम के कर्मचारी संतोषजनक ढंग से कार्य नहीं कर रहे हैं। बिजली की लाइनों को समय रहते ठीक नहीं किया जा रहा है। खेतों की बिजली आपूर्ति में अघोषित कटौती की जा रही है।

## गांव में पानी निकासी के लिए जगह नहीं, खाली प्लाटों में हो रहा जमा

# अधिग्रहण के बाद पुर्नवास के लिए नहीं मिल रही जगह, ग्रामीणों में रोष

### ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए लड़ाई लड़ेंगे, कोर्ट की शरण में पंचायतः सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी में अधिग्रहण की जमीन में बसे टेहा के ग्रामीणों कों पुनर्वास के लिए ग्रामीणों से सरकार द्वारा उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए दिए जाने वालों प्लाटों की एक किश्त देने के बाद भी उन्हें कब्जा नही मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष है औ सरपंच का कहना कि जब तक उनके गांव के लोगों को न्याय नही मिलेगा वे हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट की शरण लेंगे ताकि ग्रामीणों को न्याय मिल सके। वहीं टेहा के मंदिर के पुजारी द्वारा हाइकोर्ट की शरण में जाने के बाद जहां जमीन को यथावथ रखने के आदेश दिए हैं। ऐसे में अब मंडी में मंदिर की जमीन पर किसी तरह का निर्माण नहीं किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी के निर्माण के लिए सरकार ने टेहा गांव की पंचायती जमीन का अधिगृहण किया था। मंडी में उस समय गांव के मंदिर की करीब एक एकड़ जमीन के साथ-साथ शमशान घाट की जमीन भी चली गई थी। जिसके बाद से ग्रामीण लगातार मंदिर की जमीन से छेड़छाड़ न करने व शमशान घाट को स्थानांतरण न करने की मांग करते आ रहे थे। ऐसे में मामले का फैसला आने तक प्रशासन द्वारा जमीन पर किसी तरह का निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है।



गन्नौर। टेहा की अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी में भरा गंदा पानी, जो एचटीपी निर्माण में बनेगा बाधा। फोटो :हरिभूमि

#### प्लाटों का मामला कोर्ट मेंः एक्सईन

मार्किटिंग बोर्ड के एक्सईन सुभाष ने बताया कि गांव के पानी की निकासी के लिए मंडी में वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांल लगाया जाएगा। पानी को साफ करके यमुना में डाला जाएगा। मकानों के लिए प्लाटों का मामला अदालत में चल रहा है। शमशान घाट के लिए रास्ता बनाने का काम अब पंचायत का है।

#### शमशान का नहीं किया स्थानंतरण

अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी के लिए अधिगृहित की गई टेहा गांव की जमीन में शमशान घाट की जमीन भी शामिल थी। जिसके बाद ग्रामीण शमशान घाट की जमीन को भी स्थानांतरित न करने की मांग करते आ रहे थे। लंबे समय मांग करने के बाद प्रशासन ने शमशान घाट को स्थानांतरित करने की बजाय उसमें जाने के लिए मंडी के बाहर से अलग से रास्ता दिया गया है। ग्रामीणों को 3 करम का यह रास्ता भी गांव की पंचायती खाल की जमीन से दिया गया है। अब बरसात के मौसम में ग्रामीणों को दाह संस्कार करने जाने के लिए कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। गांव के पानी निकासी के सभी तालाब अधिग्रहण के बाद बंद कर दिए है। अब पानी निकासी भी लोगों के खाली प्लाटों में हो रही है।

#### न निकासी की व्यवस्था, न प्लाटों का कब्जा



गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने बताया कि उनके गांव टेहा के मंदिर की एकड़ भूमि काफी प्राचीन हैं। मंदिर की प्राचीन जमीन से छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। अदालत ने मंदिर की जमीन की स्थिती को यथावत रखने के आदेश जारी कर रखे हैं। इसके अलावा मंडी में अधिग्रहण हुए मकानों वालों लोगों को रहने के लिए सर्कल रेट पर जमीन का कब्जा नही दिया है। एक किश्त के दपैसे तो जमा करा दिए लेकिन अब लोग परेशान है। सरकार को चाहिए कि वे मंडी क्षेत्र में बसे लोगों को उजाड़ने की बजाय बसाने का काम करे। उनका कहना कि वे ग्रामीणों को परेशान नही होने देंगे, चाहे उन्हें कितना भी परेशान होना पड़े। गांव के पानी की निकासी भी नही है।



गोहाना। पैदल यात्रा में शामिल लोगों को संबोधित करते सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।

## दीपेंद्र के साथ पारंपरिक पहनावे में निकाली पदयात्रा

- सांसद ने खेत में जाकर ट्रैक्टर चलाया और किसानों की समस्याएं भी सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कांगेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी द्वारा शुरू किए गए हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत शुक्रवार को 5वें दिन बरोदा हलका के गांव बुटाना के बस अड्डे से लेकर गांव गंगाना के बस अड्डे तक पैदल यात्रा निकाली। यात्रा में गांव की महिलाएं और पुरुष परम्परागत वेशभूषा पहन कर आए। दीपेंद्र हुड्डा ने खेतों में जाकर ट्रैक्टर चलाया और धान की रोपाई कर रहे किसानों की समस्याएं सुनी। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि गांवों में हरियाणा मांगे हिसाब अभियान में भारी जन शैलाब उमड़ रहा है। वे बोले कि जब से कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इस अभियान के तहत सवाल पूछे हैं तब से भाजपा में तिलमिलाहट है। भाजपा सरकार ने एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया। अगर भाजपा सरकार ने हिसाब नहीं दिया तो अक्टूबर में प्रदेश की जनता इनका हिसाब चुकता कर देगी। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार में बरोदा से लेकर सोनीपत और पूरा हरियाणा दुर्दशा का शिकार हुआ है। पदयात्रा में सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, बरोदा विधायक इंदुराज नरवाल, अनूप मलिक और कंवर भावड़ सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

### विज्ञान प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा




गन्नौर। बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर में विद्यार्थियों के लिए कक्षा छठी और सातवीं के बच्चों के लिए विज्ञान विषयों से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने ग्लोबल वार्मिंग, क्लाइमेट चेंज, जनरेशन इफेक्ट न्यूट्रिशन, जनरेशन इफेक्ट आदि विषयों को प्रधानता देते अपने अपने विचार प्रस्तुत किये। घोषित किए गए परिणामों में कक्षा छठी का उधम प्रथम, अदिति द्वितीय और तान्या तृतीय स्थान पर रहीं, वही सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों में त्विशा ने पहला, सवी ने दूसरा और अनमोल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता और समन्विका नेहा संधू ने इस विषय में बताते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता बच्चों की बोलने की कला को निखारते हैं।

## धरनारत कर्मियों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी को सौंपा मांगपत्र

- डीक्रस्ट में कुलपति एवं कुलसचिव के खिलाफ धरना दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कुलपति के खिलाफ धरना दे रहे शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारी शुक्रवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से उनके आवास पर मिले। इसके उपरांत भाजपा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया से भी मिले और उनको कुलपति व रजिस्टर के खिलाफ ज्ञापन दिया। विश्वविद्यालय की शिक्षक यूनियन (डीक्रूटा) के प्रधान डॉ. सुरेंद्र दहिया ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली व हरियाणा प्रभारी पुनिया दोनों ने बहुत ही अच्छे ढंग से सभी की बात सुनी और आश्वासन दिया कि माँगों को सरकार में उच्च स्तर पर रखकर जल्द से जल्द सभी समस्याओं का निपटारा करने की कोशिश की जाएगी। धरनास्थल पर डॉ. अजमेर, डॉ. संजीव इंदौरा, सुरेश कुमार, प्रवेश त्यागी, राज कुमार, अजय, नरेंद्र, कुलदीप, अंकित मौजूद रहे।



सोनीपत। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिलने पहुंचे डीक्रस्ट के कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने की मांग उठाई

**सोनीपत**। एसो ऑफ फार्मेसी ऑफिसर हरियाणा के आह्वान पर सभी सरकारी अस्पताल में तैनात फार्मेसी अधिकारियों ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को काले बिल्ले लगाकर काम किया। उन्होंने सरकार से पे-ग्रेड 4600 बढ़ाने और रिक्त पदों को भरने की मांग की। साथ ही उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह 23 जुलाई को सुबह 9 से 10 बजे तक पेन डाउन हड़ताल करेंगे। इस दौरान किसी भी मरीज को दवा नहीं दी जाएगी। इसके बाद वह 26 जुलाई को सामूहिक रूप से अवकाश लेंगे। दवा वितरण की जिम्मेदारी सरकार की होगी। जिला प्रधान राजगोपाल, जिला सचिव चिराग आंतिल ने बताया कि कर्मचारी लंबे समय से मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन सरकार की ओर से उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है। सरकार से वेतन विसंगतियों को दूर कर 4600 रुपये ग्रेड पे देने की मांग की। उनकी मुख्य मांगें प्रमोशन चैनल लागू करने, नए पद सृजित करने, डिप्टी डायरेक्टर का पद भरने, केंद्र की तर्ज पर मरीज देखभाल व अन्य भत्ते देने की मांग उठाई।

## फार्मेसी अधिकारियों ने काले बिल्ले लगा रोष प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत फार्मेसी ऑफिसर्स एसोसिएशन के आह्वान पर लंबे समय से लंबित पड़ी मांगों को लेकर शुक्रवार को उपमंडल अस्पताल गन्नौर में फार्मेसी अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर काले बिल्ले लगाकर रोष प्रदर्शन किया । रोष प्रदर्शन की अगुवाई वरिष्ठ फार्मेसी अधिकारी कमलेश रानी ने की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत फार्मेसी अधिकारियों की मांगे काफी लंबे समय से लंबित पड़ी है, लेकिन हरियाणा सरकार व स्वास्थ्य विभाग इनके समाधान के लिए कोई कदम नही उठा रही। जिसके चलते फार्मेसी अधिकारियों में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन धरना प्रदर्शन की बजाय शांतिपूर्ण बातचीत के माध्यम से अपनी मांगों के समाधान चाहती है । कमलेश रानी ने बताया कि सरकार व विभाग ने उनकी मांगों को नहीं माना तो वे 23 जुलाई को 1 घंटे के लिए सुबह 9 से 10 बजे तक पेन डाउन हड़ताल करेंगे ।



उपमंडल अस्पताल में काले बिल्ले लगाकर रोष प्रदर्शन करते फार्मेसी अधिकारी।



सोनीपत। ठेकेदार के कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी।

### बदले की भावना से की करवाई को रद किया जाए

**सोनीपत**। सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों ने सेक्टर 15 में क्रमिक भूख हड़ताल 18 वें दिन भी जारी रही। धरने की अध्यक्षता अजय कुमार टॉक ने की, संचालन पवन ने किया। इस दौरान मांग उठाई गई कि बदले की भावना से की गई करवाई को रद किया जाए, बदले की भावना से 4 महीने का वेतन कर्मचारियों को दिया जाए, पीसीसी कंपनी के प्रबंधक द्वारा 1 हफ्ते का टाइम दिया गया था प्रबंधक द्वार बार बार झूठ बोल जा रहा है। कर्मचारियों में रोष है। सोमवार को फिर से कार्यालय को ताला लगा कर भूख हड़ताल की जाएगी। धरने पर सुनीता देवी, अमित टॉक, दीपक, मदन, अमित, देवराज, सन्नी, नवीन ने भी कर्मचारियों को संबंधित किया।

## 70 मरीजों ने नेत्र जांच करवाई

- संजोग अस्पताल एल्डिको काउंटी की तरफ से नि:शुल्क हेल्थ चेकअप शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

जनता कॉलोनी में हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल में संजोग अस्पताल एल्डिको काउंटी की तरफ से निशुल्क हेल्थ चेकअप व आखों की जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के बच्चों व महिलाओं ने हिस्सा लेकर अपने स्वास्थ व आंखो की निशुल्क जांच करवाई। संजोग अस्पताल के चिकित्सक डा.संजय जैन ने बताया कि शिविर में 70 लोगों ने अपना चेकअप करवाया, जिनमें से 3 पेशेंट का मोतिया का इलाज भी किया गया। कैंप में डा. शबात, डा. पूनम, भारत दुआ, रिया, अन्नु बाला, मुकेश, लक्ष्मी ने मुख्य रूप से अपनी सेवाए दी। अनुभवी चिकित्सकों ने सभी को बेहतर स्वास्थय रखने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बीमार होने पर चिकित्सक को दिखाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या कमलेश कुकरेजा व अन्य शिक्षकों ने भी सहयोग किया।



राई। शिविर में जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि




सोनीपत। नव निर्मित लाईब्रेरी का निरीक्षण करती एडीसी एवं अन्य।

### बाल भवन परिसर में नव-निर्मित लाईब्रेरी का उद्घाटन

**सोनीपत**। बाल भवन परिसर में लाईब्रेरी का निर्माण किया गया, जिसका शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने उद्घाटन करते हुए लाईब्रेरी में बच्चों को मिलने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लाईबेरी में 25 बच्चों के बैठने की व्यवस्था की गई है। यहां पर बच्चों के पढ़ने के लिए शांत व सुरक्षित माहौल प्रदान किया गया है इसलिए शहर के बच्चे इन सुविधाओं का लाभ अवश्य उठाएं। इस दौरान उन्होंने बाल भवन में चल रही अन्य गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा हुड्डा, बाल भवन के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



विरोध प्रदर्शन करते ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### 15वें दिन रोष प्रदर्शन, भूख हड़ताल से संबंधित ज्ञापन

**सोनीपत**। ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, संबंधित कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बली सेना के तत्वावधान में ठेका सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन शुक्रवार को 15 वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन की अध्यक्षता उपप्रधान रविंद्र ने की और संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश करमा ने की। इस दौरान ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को पे-रोल पर लेने की मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारी पहले पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने एकत्रित हुए, इसके बाद यहां से नारेबाजी करते नगर निगम कार्यालय पर पहुंचें। जहां पर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि मई 2018 में प्रदेश सरकार ने पत्र जारी कर प्रदेश भर में ठेके पर लगे कर्मचारियों को पे-रोल पर लगाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद सोनीपत नगर निगम ने आज तक इन आदेशों की पालना नहीं की। कर्मचारियों में इसको लेकर रोष है और सभी कर्मचारी भूख हड़ताल पर जाएंगें। जिसके संदर्भ में शुक्रवार को मांगपत्र सौंप दिया गया।

## शोधार्थियों का धरना 10वें दिन भी जारी रहा

# विवि प्रशासन के साथ शोधार्थियों की मीटिंग बेनतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मुरथल में शोधार्थियों का धरना शुक्रवार को 10 वें दिन भी जारी रहा। शोधार्थी चीफ वार्डन द्वारा जारी फ़रमान के खिलाफ़ और वेब ऑफ़ साइंस में दो पेपरों की अनिवार्यता के खिलाफ़ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ हुए हैं। शोधार्थियों का आरोप है कि उनकी जायज मांगों को पूरी करने की बजाय उनके साथ कमेटी-कमेटी का खेल खेला जा रहा है। शोधार्थियों का कहना है कि एकेडमिक काउंसिल की 18वीं मीटिंग के साथ छेड़छाड़ की गई थी। शोधार्थियों की मुख्य मांग पीएचडी ऑर्डिनेंस के 11.6 क्लोज में 15वीं मीटिंग में किये गये अमेंडमेंट को वापस लेने का मुद्दा 18वीं एकेडमी काउंसिल में पास हो गया था लेकिन फाइनल मीटिंग्स से इस मुद्दे को हटा दिया गया था। जिसके खिलाफ एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों ने आपत्ति जताई थी लेकिन उनकी आपत्ति को दरकिनार कर दिया गया। शोधार्थियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक हमारा धरना जारी रहेगा। इसी क्रम में आज शोधार्थी प्रतिनिधि संदीप पूनिया ने बीजेपी चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया से मुलाकात की। सतीश पूनिया ने गवर्नर को कहकर उपरोक्त मांगों पर कारवाई का आश्वासन दिया। महिला शोधार्थी प्रतिनिधि सरू महिमा और मनीषा ने भी महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया से मुलाकात की और रजिस्ट्रार अजय मोंगा द्वारा लड़कियों को सुसाइड बमर बोलने की शिकायत की।



सोनीपत। बैठक में हिस्सा लेते शोधार्थी एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

#### प्रमुख मांगें

अवैध नियुक्त चीफ वार्डन को हटाकर नए चीफ वार्डन की नियुक्ति, जो छात्रों और शोधार्थियों की जायज जरूरतों को समझ सके। कार्यकाल पूरा हो चुके वार्डन को हटाकर नई नियुक्ति और हॉस्टल छात्र फंड के दुरुपयोग करने वाले वार्डन और चीफ वार्डन के खिलाफ जांच की जाए। पीएचडी जमा करने के लिए वेब ऑफ़ साइंस में प्रकाशित शोध पत्र की शर्त को हटाकर यूजीसी केयर की शर्त लागू की जाए। लड़कियों के हॉस्टल की टाईमिंग 7 बजे से बढ़ाकर 10 बजे की जाए ताकि लैब में आराम से काम किया जा सके।

**विज्ञापन नोटिस**

**इन्तकाल अखराजनामा दर्ज करने बारे।**

**खेवर नं. 860, 861, 862 मौजा भिगान तह. गन्नौर जिला सोनीपत।**

श्री राजकुमार पुत्र ईश्वर सिंह पुत्र केहर सिंह के लापता होने पर इन्तकाल अखराजनामा दर्ज होने बारे।

उक्त दरखास्त इस कार्यालय में दिनांक 28.03.2024 को प्राप्त हुई थी। जिसमें राजकुमार पुत्र ईश्वरसिंह गांव भिगान जो कि पिछले 20 वर्षों से लापता है का इन्तकाल अखराजनामा दर्ज करने बारे लिखा गया है। उक्त दरखास्त में श्री राजकुमार पुत्र ईश्वरसिंह गांव भिगान के लापता होने बारे पुलिस स्टैस्न मुरथल में दिनांक 29.09.2023 को एफ०आई०आर० दर्ज करवाई गई है साथ संलग्न है। इस बारे दैनिक हरिभूमि हिन्दी द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि इन्तकाल नं0 7422 श्री राजकुमार पुत्र ईश्वरसिंह गांव भिगान के सगे भाईयों सुरेन्द्र सिंह, बिजेन्द्र सिंह व पवन कुमान पुत्रान ईश्वर सिंह के नाम दर्ज किया गया है। अखबार के माध्यम से यह भी सूचित किया जाता है कि अगर उक्त इन्तकाल से किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 26.08.2024 तक कार्यालय में आकर एतराज पेश कर सकता है। अन्यथा कोई आपत्ति ना आने की सूरत में उक्त इन्तकाल को मंजूर कर दिया जायगा।

यह आदेश आज दिनांक 19.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/-सहायक कलेक्टर द्वीतीय श्रेणी, गन्नौर। 17.07.2024**

## खबर संक्षेप



### भाजपा की जान हैं उसके कर्मठ कार्यकर्ता : हुड्डा

**गोहाना।** भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता पार्टी की जान हैं। बूथ स्तर पर पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से काम कर रहे हैं। पार्टी की राजनीति बूथ स्तर से शुरू होकर चंडीगढ़ तक जाएगी। यह बात भाजपा के भैंसवाल मंडल के प्रभारी आनंद सिंह हुड्डा ने कही। वे शुक्रवार को मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। हुड्डा ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की राजनीति उसके कार्यकर्ताओं की मेहनत पर आधारित होती है। जिस पार्टी के कार्यकर्ता जितने कर्मठ होंगे उसका संगठन भी उतना ही अधिक मजबूत होगा।

### लिटरेरी व कल्चरल फेस्ट में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**सोनीपत।** गेटवे इंटरनेशनल स्कूल की ओर से शुक्रवार को दो दिवसीय इंटर स्कूल लिटरेरी एवं कल्चरल फेस्ट अभिव्यक्ति के पांचवें संस्करण का उद्घाटन समारोह स्कूल के एकम सभागार में संपन्न हुआ। उद्घाटन और पुरस्कार वितरण विदाई समारोह में मुख्यातिथि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कवि संगम के प्रेसीडेंट और महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलोजी के वाईस चेयरमैन जगदीश मित्तल, रजिस्ट्रार एवं डीन एकेडमी अफेयर्स-डायरेक्टर एसआरएम यूनिवर्सिटी के प्रो. वी. समुएल राज, अभिव्यक्ति साहित्योत्सव के मेनटोर डॉ. अशोक बत्रा रहे। विशिष्ट अतिथियों में कवि पीके आज़ाद, विनय विनम्र, कवयित्री कल्पना शुक्ला, हिन्दुस्तानी, सुजीत कुमार ओझा, गेटवे एजुकेशन संस्था के संरक्षक हरिप्रकाश मंगला और गेटवे शिक्षा समूह के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राकेश अग्रवाल ने उपस्थिति दर्ज करवाई। गेटवे स्कूल के प्राचार्य प्रेम कुमार ओझा एवं उप-प्राचार्या रिम्पी वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता सहित स्कूलों के प्रतिनिधि शिक्षकतथा प्रतिभागी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

## युवा मोर्चा विस्तृत कार्यकारिणी में गरजे भाजपा के प्रदेश प्रभारी

# भाजपा कार्यकर्ता चुनाव में कांग्रेस को धूल चटाएंगे : डॉ. पूनिया

- वोट लेकर जनता को भूलना कांग्रेस की फितरत : बड़ौली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की विस्तृत बैठक शुक्रवार को सोनीपत में आयोजित की गई। हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली कांग्रेस पर जमकर बरसे।

प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और साथ ही पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं जीत का संवाहक बताया। डा. पूनिया ने कहा कि हमारे उर्जावान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ को जो चुनौतियां मिलती है उसे वे पूरी ताकत से पूरा करते हैं, इस बार भी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता तीसरी बार सरकार बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा का कार्यकर्ता जब जनादेश यात्रा निकालता है तो देश की राजनीति में बदलाव आता है। पूनिया ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि भाजपा का कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को धूल चटाने का काम करेगा।

सोनीपत के मुरथल स्थित दीन बंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी में युवा मोर्चा की विस्तारित प्रदेश कार्यकारणी की बैठक को संबोधित करते हुए डा. पूनिया ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान हरियाणा पूरे देश में पर्ची और खर्ची तथा भ्रष्टाचार के नाम से पहचाना जाता था। युवा मोर्चा की कार्यकारिणी में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भी कार्यकर्ताओं से मोदी और नायब सरकार के कार्यों और योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आग्रह किया।

उन्होंने कांग्रेस को धोखेबाज पार्टी बताया और कहा कि कांग्रेस के नेता झूठ बोलकर वोट लेते हैं और फिर जनता को भूल जाते हैं। कार्यकारिणी की बैठक में पहुंचे प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, हमारे पास निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पूरी फौज है। विधानसभा चुनाव में समय भी अब कम बचा है, इसलिए सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ धरातल पर काम करें और मोदी तथा नायब सरकार की योजनाओं और जनहितैषी कामों को घर-घर जाकर लोगों को बताएं।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी, प्रदेशाध्यक्ष एवं अन्य नेताओं का स्वागत करते हुए युवा मोर्चा के पदाधिकारी।



**सोनीपत।** बैठक में मौजूद भाजपा प्रदेश प्रभारी, प्रदेशाध्यक्ष, युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं अन्य।

### प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक ली

सोनीपत प्रवास पर पहुंचे हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने शुक्रवार को प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में पूनिया ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कमल का फूल ही हमारा कंडीडेंट होगा, इसलिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर फिर से भाजपा की सरकार बनाने के काम में जुट जाएं। प्रमुख कार्यकर्ताओं की इस बैठक में आगामी कार्य योजनाओं की रूपरेखा पर पूनिया ने विस्तार से चर्चा की। प्रदेश प्रभारी ने पदाधिकारियों से बारी-बारी अपने-अपने विचार रखने को कहा और विश्वास दिलाया कि उनकी बातों पर पार्टी मंथन करेगी। बैठक में जिलाध्यक्ष जसवीर दोदवा, जिला प्रभारी सतीश नांदल, पूर्व मंत्री कविता जैन, राजीव जैन, डॉ. ओम प्रकाश आत्रेय, पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, मेयर निखिल मदान, पूर्व जिला अध्यक्ष आजाद नेहरा, रविंद्र दिलावर, नवीन मंगला, निशानत छौक्कर, जिला मीडिया प्रभारी नीरज अत्रे, रविंद्र मलिक, मीना नरवाल, सुनीता लोहचब आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी : बड़ौली

युवा मोर्चा की विस्तारित कार्यकारिणी में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा में कार्यकर्ता ही अपनी मेहनत के दम पर आगे बढ़ते हैं, जबकि परिवारवाद के चलते कांग्रेस के पास कार्यकर्ता ही नहीं बचे। बड़ौली ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हमें स्पष्ट बहुमत हासिल करना है, इसके लिए कार्यकर्ता अभी से अपने काम में जुट जाएं। यहां कांग्रेस को घेरते हुए बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने देश को सिर्फ भ्रष्टाचार में आगे बढ़ाया है, जबकि भाजपा ने भ्रष्टाचार को मिटाया है। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस के लोग झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं, ताकि वोट ले सकें, लेकिन हम सबको कांग्रेस के झूठ से बचना भी है और लोगों को बचाना भी है। श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस की हालत खराब है, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं कांग्रेस के नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है।

# एचएसवीपी का धरना जारी सीएम का पुतला जलाया



**सोनीपत।** एचएसवीपी कार्यालय में सीएम का पुतला फूंकने की तैयारी में प्रदर्शनकारी कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

- 25 जुलाई को मुख्य प्रशासक व प्रशासन का पुतला दहन करेंगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले शुक्रवार को एचएसवीपी कर्मचारियों का धरना सातवें दिन भी जारी रहा। मुख्यमंत्री द्वारा मांगों की अनदेखी करने पर उनके मुर्दाबाद के नारे लगाए और उनका पुतला दहन किया। आज का धरना और रोष प्रदर्शन, पुतला दहन एचएसवीपी सेक्टर 15 सोनीपत कार्यालय गेट पर दोपहर किया गया है। जिसका नेतृत्व यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं मंच के महासचिव आरके नागर ने किया। सभा संचालन मंच की प्रधान तथा मिड डे मील वर्कर कुक यूनियन की जिला प्रधान मीना सैनी ने किया।

सभा को हुडा यूनियन के राज्य सचिव विजेंद्र कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर सिंह नागर व प्रदेश प्रैस सचिव टीनू मदान ने सामूहिक रूप से संबोधित करते हुए कहा कि, भाजपा की हरियाणा सरकार कर्मचारी विरोधी है। इस राज में कच्चे कर्मचारियों का शोषण और उत्पीड़न किया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि 25 जुलाई को एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक का और पूरे प्रशासन का पुतला दहन करते हुए रोष प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को ज्ञापन देने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से रोष प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री निवास तक कूच किया जाएगा। आज के धरने प्रदर्शन में रमेश कुमार लहराड़ा, सुरेश कुमार रोहिल्ला, विजेंद्र रिवाल, पुष्कर नागर, जोगिंदर सिंह, शमशेर, राहुल, समे सिंह, ध्रुव कुमार, समेश कुमार, पुष्पेंद्र शर्मा, योग प्रकाश नागर, महेंद्र शर्मा, सुरेंद्र रंगा, जगबीर सिंह, अश्वनी शर्मा, ओम प्रकाश, शुभम विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### बरसाती पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध : विवेक

**गोहाना।** एसडीएम आईएएस विवेक आर्य ने कहा कि स्थानीय प्रशासन द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बारिश के पानी की समुचित निकासी के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पानी निकासी को लेकर प्रशासन की विशेष निगरानी बनी रहेगी। विवेक आर्य ने कहा कि क्षेत्र में बारिश के पानी की निकासी के लिए सभी ड्रेनों की सफाई करवा दी गई है। पानी निकासी के लिए स्थाई पंपहाउस लगे हुए हैं। बारिश अधिक होने की स्थिति में पानी निकासी के लिए प्रशासन द्वारा उपमंडल गोहाना क्षेत्र में पंपसेट रखने के लिए 111 स्थान चिह्नित किए गए हैं। चिह्नित स्थानों पर पंपसेट रखकर शीघ्र पानी की निकासी करवा दी जाएगी ताकि किसानों की फसलों में कोई नुकसान न हो। एसडीएम ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी तो ट्रैक्टर वाले बर्मों को पानी निकासी के लिए उपयोग में लाया जाएगा। डीजल पंपसेट चलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा डीजल के रेट भी तय किए जा चुके हैं। एसडीएम विवेक आर्य ने कहा कि पानी से किसानों की फसलें नष्ट होने से किसानों के साथ सरकार को भी नुकसान होता है। सरकार को नुकसान इसलिए होता है क्योंकि उसे खराब फसलों का मुआवजा देना पड़ता है। ऐसे में पानी निकासी को लेकर अधिकारियों को कोई ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

### शिविर में 51 ने किया रक्त का दान



**सोनीपत।** रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए धर्मवीर दहिया एवं अन्य।

**सोनीपत।** गढ़ी ब्राह्मण की मेन चौपाल में रेडक्रॉस के तत्वाधान में महाराणा प्रताप युवा समाज समिति एवं जीवन रक्षक ब्लड समिति सोनीपत द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें सोनीपत ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रशिक्षण अधिकारी रेड क्रॉस धर्मवीर दहिया ने शिरकत की और रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया। महाराणा प्रताप युवा समाज समिति के प्रधान अजीत सिंह व जीवन रक्षक ब्लड समिति के हुकम चंद भारद्वाज ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि रक्तदान किसी मरीज की जान बचाएगा।

### गीता विद्या मंदिर की पूर्व छात्र रितिका बनी सीए



**गोहाना।** सीए बनी रितिका को आशीर्वाद देते हुए उसके गुरुजन।

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्था द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर गोहाना की छात्रा रितिका गोयल सीए बन गई। सीए बनने के बाद शुक्रवार को वे विद्यालय में अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लेने पहुंची। रितिका गोयल शैक्षणिक सत्र 2017-18 में विद्याय की छात्रा रहीं। रितिका ने 12वीं कक्षा में कॉमर्स से पूरे विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उसके बाद उसने सीए की तैयारी शुरू कर दी थी। 11 जुलाई 2024 को रितिका ने सीएम बनने के अपने सपने को साकार किया। पूर्व छात्रा के अनुसार परिवार के सहयोग और गुरुजनों के मार्गदर्शन ने उनको उसकी मंजिल तक पहुंचा दिया। समारोह में रितिका के अभिभावक, विद्यालय के प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ. मनोज शर्मा, प्राचार्य अश्विनी कुमार, आचार्य अमरनाथ यती, दीपक कपूर, सोनिया जावा, राजबाला व कोमल जैन ने रितिका को अपना आशीर्वाद दिया।

### अस्पताल में पौधरोपण अभियान चलाया




**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन व रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत सिटी ने उजाला साइनस जेके हिंदू अस्पताल में पौधरोपण अभियान चलाया गया। अस्पताल के जीएम सुरेश कालरा ने पौधा लगाकर अभियान को शुरु किया। सुरेश कालड़ा ने कहा कि अभी बारिश के मोसम में सभी अधिक से अधिक पौधे लगाए और जब तक वह पेड़ नही बनते उनकी देखभाल करें। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में 10 पौधे लगाए। इस अवसर पर स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, दीपक गुप्ता, निवेदिता गुप्ता, शम्मी सहगल, रश्मि सहगल, अंकुर गर्ग, उदय उप्रेती, ऋतु कालरा, राजश्री व अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा।

## जल्द होगा सीवर का समाधान : निखिल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

मेयर निखिल मदान ने शुक्रवार को वार्ड 14 का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कई कालोनियों में लोगों की जन समस्याएं सुनी।

मेयर ने लोगों को बताया कि बाबा कॉलोनी, मोहन नगर और लक्ष्मण कॉलोनी में सीवरेज के पानी की निकासी को लेकर नगर निगम द्वारा कई विकल्पों पर काम किया जा रहा है। जहाँ पहले बाबा कॉलोनी के अंतिम सीवरेज मैनहोल से पाइप जोड़कर लाइन पार पानी निकासी का प्रयास किया गया था लेकिन उस तरीके से पानी निकासी में अधिक सफलता नहीं मिली। अब दोबारा से एक बड़े पाइप के माध्यम से पानी निकालने का प्रयास किया जाएगा। वहीं रेलवे द्वारा बाबा कॉलोनी से राजीव नगर की तरफ रेलवे लाइन के नीचे से ट्रेंचलैस तकनीक से सीवर लाइन डालने का कार्य किया जाना है, रेलवे की तरफ से कुछ विभागीय और तकनीकी रुकावट के कारण काम शुरु नहीं हो पाया है। इसके लिए नगर निगम द्वारा 3 करोड़ से भी ज्यादा की राशि कई महीने पहले रेलवे विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है। इस कार्य को जल्दी शुरू करवाने के लिए वो जल्द ही रेलवे के आला अफसरों से मुलाकात करेंगे। इस मौके पर वीरेंद्र, प्रवीण, जय नारायण, शुभम, सुनील, मनोज, कुलदीप, मणि, चंद्र, रमेश, उमेश कुमार, विकास, वेद प्रकाश, सत्यवान, संतोष शर्मा, राजीव, रवि प्रकाश, सतबीर, जसबीर दहिया, दयानंद, मुनि राम आदि लोग मौजूद रहे।



**सोनीपत।** कॉलोनी में समस्याओं का निरीक्षण करते हुए मेयर निखिल मदान।

## कुश्ती में दम दिखाएंगे भैंसवाल कलां अखाड़े के पहलवान

**गोहाना।** गांव भैंसवाल कलां के अखाड़े के 13 पहलवान पंचकूला में हो रही हरियाणा स्टेट अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगे। ये पहलवान जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में अपने-अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे थे। इन पहलवानों को सोनीपत के जिला खेल अधिकारी जगबीर सिंह मलिक ने पंचकूला के लिए रवाना किया। अध्यक्षता अखाड़े के संचालक बड्डूल पहलवान और शमशेर पहलवान ने की।

स्टेट चैम्पियनशिप के लिए पहलवान सब जूनियर वर्ग में 110 किलोग्राम के भार वर्ग में परमीत और 87 किलोग्राम के भार वर्ग में परीक्षित जूनियर वर्ग में 92 किलोग्राम के भार वर्ग में अंकुश, 67 किलोग्राम के भार वर्ग में काशा और 63 किलोग्राम के भार वर्ग में अमन, सीनियर वर्ग में 130 किलोग्राम के भार वर्ग में यमन, 125 किलोग्राम के भार वर्ग में सागर, 87 किलोग्राम के भार वर्ग में मनजीत, 67 किलोग्राम के भार वर्ग में हर्ष, नीतेश और मोहित, 60 किलोग्राम के भार वर्ग में सागर और 57 किलोग्राम के भार वर्ग में पिंकू हैं। चयनित पहलवानों को भारतीय महिला कुश्ती टीम के चीफ कोच कुलदीप मलिक, द्रोणाचार्य अवार्डी राज सिंह छिक्कारा, कोच सोनू टाइगर, वर्ल्ड मेडलिस्ट प्रवीण उर्फ ढीला पहलवान के साथ पहलवान अमरजीत और संदीप मलिक ने भी आशीर्वाद दिया।

### अभियान चलाकर रोपित किए गए 10 पौधे

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन व रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत सिटी ने उजाला साइनस जेके हिंदू अस्पताल में पौधारोपण अभियान चलाया गया। अस्पताल के जीएम सुरेश कालरा ने पौधा लगाकर अभियान को शुरु किया। सुरेश कालड़ा ने कहा कि अभी बारिश के मोसम में पौधे लगाए और जब तक वह पेड़ नही बनते उनकी देखभाल करें। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में 10 पौधे लगाए। इस अवसर पर स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, दीपक गुप्ता, निवेदिता गुप्ता, शम्मी सहगल, रश्मि सहगल, अंकुर गर्ग, उदय उप्रेती, ऋतु कालरा, राजश्री व अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा।

### गुरु पूर्णिमा पर लगेगा 141वां रक्तदान शिविर

**गोहाना।** वेलकम फाउंडेशन द्वारा शनिवार को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 141वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह रक्तदान शिविर काठमंडी में यूको बैंक के सामने बरोदा रोड पर लगेगा। अध्यक्षता संस्था के जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत गोयल करेंगे जबकि संयोजन जिला सचिव ज्ञानेंद्र रोहिल्ला का रहेगा। प्रसिद्ध शिक्षाविद रामकरण शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। इस शिविर के आयोजन में केसी शर्मा, जयवीर कौशिक, विनोद भारद्वाज, जितेंद्र शर्मा, मनजीत सतबीर जैन, विजय कुमार एवं रामपाल का विशेष सहयोग रहेगा।

## पीडब्ल्यूडी कर्मियों का प्रदर्शन के लिए आह्वान

**सोनीपत।** हरियाणा गर्वनमैंट पीडब्ल्यूडी मकैनिकल वरर्कज यूनियन (सम्बन्धित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच) की बैठक यूनियन कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने की, संचालन सचिव सुरेंद्र सिंह ने किया। मिटिंग में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा, प्रदेश सह सचिव सतीश कुमार, जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज ने संयुक्त रूप से बताया कि दिनांक 25 जुलाई को जिले से कर्मचारी राज्य कमेटी के आह्वान पर अधीक्षक अभियंता परिमंडल गोहाना रोड सोनीपत में इकट्ठे होंगें। कर्मचारी अपनी मांगों का मांग पत्र उपायुक्त के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भिजवाएंगें। अगर सरकार यूनियन द्वारा दिए गए मांग पत्र पर समय रहते बातचीत द्वारा हल नहीं किया जाता तो संगठन को मजबूरन करनाल सीएम आवास का घेराव 11 अगस्त को सरकार के खिलाफ लाखों कर्मचारियों की संख्या में पहुंचकर बड़ी महारैली अर्थात आंदोलन करेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मुख्यमंत्री और हरियाणा सरकार की होगी। मीटिंग में विशेष रूप पीबीएसएस के प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान भी पीबीएसएस द्वारा घोषित आक्रोश मार्च में सम्मिलित होने का निमंत्रण देने पहुंचे। मिटिंग में धूप सिंह लाकड़ा, सुंदर सिंह, रामप्रसाद, मोहन सिंह, अमित कुमार, शंभू, नरेश, देवेंद्र, प्रदीप, संदीप, रघबीर सिंह, रणबीर सिंह, दलीप सिंह, आदि शामिल रहे।




**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

**हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत**
**फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005**

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


### छपडेश्वर धाम में 10 दिवसीय सांग कार्यक्रम जारी

# सांग में सुनाया कीचक वध का किस्सा

- पर नारी पर बुरी नजर डालना बन सकती है मौत का सबब

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा**

शहर के छपडेश्वर धाम में चल रहे 10 दिवसीय सांग कार्यक्रम में कीचक वध का किस्सा पेश किया गया। जिसे सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद के पौत्र विष्णु दत्त शर्मा ने रागनियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। जब पांडव जुए की शर्त के अनुसार 12 वर्ष का वनवास काटकर 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा करने के लिए अपने नाम बदलकर राजा विराट के यहां नौकरी करने लगे। द्रोपदी भी बदले हुए नाम सैरंधरी के साथ राजा विराट की पत्नी सुदेशना की दासी के रूप में काम करने लगी। एक दिन सुदेशना का भाई कीचक अपनी बहन से पूछता है कि यह नई दासी कौन है। सुदेशना कीचक को बताती है कि यह बहुत दुखिया औरत है, जिसे उसने अपनी दासी बना लिया है। द्रोपदी के रूप को देखकर कीचक उस पर मोहित हो जाता है। इसके बाद एक दिन सुदेशना द्रोपदी को अपने भाई कीचक के पास से शराब लाने के लिए कहती है। जब द्रोपदी कीचक के पास जाने से मना करती है तो रानी उसे नौकरी से निकलने का दबाव देखकर महल से बाहर जाने को कहती है। मजबूर होकर वह कीचक के पास शराब लेने के लिए पहुंच जाती है, तो कीचक उसके साथ छेड़खानी करता है। द्रौपदी किसी तरह कीचक के चंगुल से भाग जाती है और भीम को सारा घटनाक्रम सुनाती है। इसके बाद भीम स्त्री का वेश धारण करके रात्रि के समय कीचक के पास जाता है और कीचक का वध कर देता है। इस तरह पांडवों का 1 वर्ष का अज्ञातवास भी समाप्त हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि पर नारी पर बुरी नजर डालना मौत का सबब बन सकती है।



**खरखौदा।** कीचक वध का किस्सा सुनाते पंडित विष्णु दत्त शर्मा।